आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 29.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा पर 20 नवम्बर को जारी अपने आदेश पर रोक लगाई–एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने के आदेश।
- रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं।
- प्रदेश में नये साल की शुरूआत में तेज सर्दी और हल्की बारिश होने के आसार।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा पर 20 नवंबर को जारी अपने आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.जी. मसीह की अवकाश पीठ ने अरावली की परिभाषा के संबंध में जांच किए जाने वाले मुद्दों के परीक्षण के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का भी आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पहले से मंजूर परिभाषाओं पर स्पष्टीकरण जरूरी हैं और 20 नवंबर को जारी शीर्ष न्यायालय के निर्देशों पर फिलहाल रोक रहेगी। न्यायालय ने इस मुद्दे पर केंद्र तथा राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायालय ने अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा से जुड़ी चिंताओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 24 दिसंबर को राज्यों को अरावली में किसी भी नई खनन लीज़ देने पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश जारी किए थे। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला से संबंधित अपने ही आदेश पर रोक लगाने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए गठित नई समिति का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि सरकार अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए उनके मंत्रालय से मांगी गई हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फिलहाल नए खनन पट्टों के साथ–साथ मौजूदा पट्टों के नवीनीकरण पर भी पूर्ण प्रतिबंध लागू है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अरावली पर्वत श्रृंखला के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वाराएक नई समिति गठित करने के निर्णय स्वागत किया है।

000

रक्षा खरीद परिषद–डीएसी ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 79 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। आज नई दिल्ली में परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं से जुडे इन प्रस्तावों के लिए आवश्यक स्वीकृति प्रदान की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सेना के तोपखाना रेजिमेंटों के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लो लेवल लाइट वेट रडार, लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट गोला बारूद और इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके–प्प सहित विभिन्न रक्षा प्रणालियों की खरीद की मंजूरी दी गई है। लॉयटर म्यूनिशन का उपयोग सामरिक लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए किया जाएगा, जबकि लो लेवल लाइट वेट रडार छोटे आकार के, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले मानवरहित विमानों का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम होंगे। भारतीय वायु सेना के लिए, हवाई क्षेत्र में मौजूद सुरक्षा कमियों को दूर करने के लिए स्वचालित टेक–ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम–एओएन की खरीद को मंजूरी दी गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुद्दा उठाने पर, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा है कि एंटीबायोटिक्स का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर और डॉक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिए। कल आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि एंटीबायोटिक्स का अत्यधिक सेवन नहीं किया जाना चाहिए।

000

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) –विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में 17 हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का स्थान लिया है। भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अधिनियम से राज्यों को समग्र धन वितरण में सुधार होगा। रिपोर्ट के अनुसार विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम का उद्देश्य परिवर्तनकारी पद्धतियों और रणनीतियों को एकीकृत करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके माध्यम से प्रतिस्पर्धी परियोजनाओं की पहचान, उत्पादक संपत्ति निर्माण, अधिक आय सृजन और एक कुशल निगरानी तंत्र से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है।

000

भारतीय जनता पार्टी ने विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार मामले में खींवसर विधायक रेवतराम डांगा को अनुशासनहीनता के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। आज जयपुर में प्रदेश कार्यालय में ओंकार सिंह लखावत की अध्यक्षता में अनुशासन समिति की बैठक में ये फैसला लिया गया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाई पॉवर्ड डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। उन्होने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों को चुनचुन कर बाहर निकालने की बात कही है। आज जयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61वें प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एबीवीपी के संस्कार और अनुशासन एक समृद्ध राष्ट्र की नींव है। श्री शर्मा ने एबीवीपी को देशहित में समर्पित बताते हुए युवाओं से 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और 4 लाख सरकारी नौकरियों के संकल्प के तहत नियुक्तियां दी जा रही हैं। उन्होंने युवाओं को नौकरी लेने के बजाय नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में अपने निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के केंद्र में गरीब, युवा, किसान और महिलाएं प्रमुखता से शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में कल से अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित यह मेला 3 जनवरी तक चलेगा।

000

सिरोही जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन माउंट आबू में आज से तीन दिवसीय शरद महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। महोत्सव की शुरुआत भव्य शोभा यात्रा से हुई, जिसमें देश भर से आए कलाकारों ने राजस्थानी लोक संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी।

000

प्रदेश में नये साल की शुरूआत तेज सर्दी और हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे जनवरी महीने के शुरूआती दिनों में जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी अंचल में मावठ का पूर्वानुमान है। इस दौरान कुछ स्थानों पर बादल भी छाये रहेंगे।

......................

कोहरे और ठंड के प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग की ओर से किसानों को फसलों में हल्की सिंचाई करने और मेड़ों पर धुंआ करने की सलाह दी गई है। वहीं पशु चिकित्सकों की ओर से पशुओं को हर हफ्ते अजवाइन, गिलोय और तुलसी के पत्ते देने को कहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर अर्जुन एरिगैसी और कोनेरू हम्पी को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने शतरंज के प्रति उनके समर्पण की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

000

केंद्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान (ब्क्ज्) जयपुर में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकाथॉन 'शील्ड 1.0' का शुरू हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल फॉरेंसिक्स जैसी सुरक्षा चुनौतियों के लिए तकनीकी समाधान खोजना है। संस्थान के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि देशभर के युवा टेक–माइंड्स और साइबर विशेषज्ञ पुलिसिंग को आधुनिक बनाने के लिए नवाचारों पर मंथन कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीआरबी के उपनिदेशक प्रशुन गुप्ता ने कानून को लागू करने में डेटा एनालिटिक्स की महत्ता पर जोर दिया। यह आयोजन सुरक्षा एजेंसियों और युवाओं की रचनात्मक सोच के बीच की दूरी को कम कर राष्ट्रीय सुरक्षा में अहम योगदान देगा।

000